**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 665**
**8/02/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**राज्यों को मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवंटित राशि**

**665. # श्री समीर उरांव:**
**श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा:**
**श्री जग्गेश:**
**सुश्री कविता पाटीदार:**
**श्री कामाख्या प्रसाद तासा:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्ष 2019 से 2024 तक केरल, मध्य प्रदेश और असम को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवंटित धनराशि उक्त अवधि से पूर्व वर्ष में आवंटित की गई धनराशि से अधिक है;
(ख) यदि हाँ, तो वर्ष 2019 से वर्ष 2024 तक किये गए वार्षिक आवंटन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने केरल, मध्य प्रदेश और असम हेतु पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में किसी विशेष योजना को स्वीकृत किया है; और
(घ) यदि हाँ, तो वर्ष 2019 से वर्ष 2024 तक तत्संबंधी वर्ष- वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय पूरे देश में केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं को समान रूप से लागू करता है और इसलिए धन का आबंटन राज्यवार नहीं किया जाता है। केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से राज्य सरकारों को सीधे धनराशि जारी नहीं की जाती है।

*****